तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री

न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि

# बेमेतरा भूमि

रायपुर, गुरुवार 27 मार्च 2025

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

साहू समाज ने मां कर्मा की पूजा-अर्चना कर निकाली भव्य ... 14



विकसित इलाकों में महंगी होगी जमीन... 12



## खबर संक्षेप

### वाहनों में ब्लैक फिल्म लगाने पर कार्रवाई

**भिलाई।** ऑपरेशन नो एंट्री वाहनों पर ट्रैफिक पुलिस ने अभियान चलाकर कार्रवाई की है। ट्रैफिक एएसपी ऋचा मिश्रा ने बताया कि बिना हेलमेट की वजह सें होने वाली मौत, मालवाहक में सवारी ले जाते वाहनों को रोकने, शराब के नशे में वाहन चालाने वाले मौत को रोकने ऑपरेशन सुरक्षा अभियान के तहत वाहन चालको पर कार्रवाई की गई है। इस दौरान सात ब्लैक फिल्म लगे वाहन पर कार्रवाई की गई। मोटर व्हीकल के तहत कार्रवाई किया गया।

### सूने मकान का ताला टूटा

**भिलाई।** दो अलग-अलग सूने मकानों का ताला टूटने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने धारा 305 (ए), 331 (4) के तहत जुर्म दर्ज किया है। जामुल पुलिस ने बताया कि ढ़ांचा भवन कुरूद निवासी शरद यादव 23 मार्च को मकान में ताला जड़कर परिवार समेत लिमोरा गुण्डरदेही शादी में गया था। 24 मार्च की सुबह 8 बजे मकान वापस लौटा तो सामने का दरवाजे का ताला टूटा था। आलमारी के लॉकर में रखे सोना चांदी के जेवरात गायब मिले। वहीं दूसरी चोरी कुरूद निवासी यशोदा साहू के यहां हुई है। इनका पति राजस्थान आर्मी में है। 19 मार्च की सुबह मकान में ताला जड़कर मायके नवा रायपुर महिला गई थी। 24 मार्च की सुबह सास तिजिया बाई ने मकान में चोरी होने की सूचना दी। तब पीड़िता घर लौटी तो दरवाजा का ताला टूटा हुआ था। आलमारी से नगदी अज्ञात ने पार कर फरार हो गया था।

### मकान से 55 हजार के जेवरात चोरी, जुर्म दर्ज

**भिलाई।** सूने मकान का ताला तोड़कर सोना चांदी के जेवरात चोरी करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 305 (ए), 331 (ए) के तहत जुर्म दर्ज किया है। पदमनाभपुर पुलिस ने बताया कि 153/5,विवेकानंद नगर, न्यू आदर्श नगर दुर्ग निवासी तिरिथ राम केंवट की बड़ी बेटी कोरबा में जलने से उसका उपचार कराने के लिए परिवार 25 फरवरी की सुबह मकान में ताला जड़कर निकला था। 17 मार्च को पडोसियों ने फोन से सूचना दिया कि मकान में चोरी हो गई। मकान में आकर देखने पर ताला टूटा पड़ा मिला। मकान का सारा सामान बिखरा पड़ा मिला। अज्ञात ने एक सोने का पेंडेंट, चांदी का पायल 4 नग, चांदी का सिक्का, एक 50 ग्राम और दूसरा 20 ग्राम गायब हो गया है। जिसकी कीमत 55 हजार रुपए आंकी गई है। आरोपी की तलाश में पुलिस जुटी हुई है।

### टाटा मैजिक और ट्रक में लगी आग

**भिलाई।** दो अलग-अलग वाहनों में अचानक आग लगने से वाहन बुरी तरह जलने का मामला सामने आया है। घटना पुलगांव और कुम्हारी थाना क्षेत्र का है। सूचना पर मौके में दमकल कर्मियों के पहुंचने पर आग पर काबू पाया गया। मैजिक वाहन में चालक और दो बच्चे बाल बाल बच गए। मिली जानकारी के मुताबिक पुलगांव चौक के आगे चलते हुए टाटा मैजिक सीजी 24 जे 6252 पर आग लग गई है। दमकल की टीम को मौके पर तत्काल पहुंच गया। अग्निशमन कर्मियों ने जलते हुए वाहन की आग को पर काबू पाया। आग बुझाने में एक दमकल पानी की जरुरत पड़ी। वाहन का मालिक देव प्रसाद साहू है। वाहन पर एक चालक और दो बच्चे जा रहे थे। नेशनल हाइवे कुम्हारी में चलते हुए ट्रक सीसी 07 सीजी 6833 में आग लग गई। दमकल की टीम मौके पर पहुंचकर कर्मियों ने जलते हुए ट्रक से आग को बुझाया गया। ट्रक मालिक बलविंदर सिंह है और वाहन चालक आग लगते ही समय पर ट्रक से बाहर आकर अपनी जान बचाई। आग लगने का कारण फिलहाल अज्ञात है। वाहनों में आग लगने की घटना लगातार बढ़ रही है। कारण गर्मी हो सकता है।



# तालाबों को भरने तांदुला से छोड़ा गया पानी बेरला अंचल के 80 गांवों की समस्या होगी दूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/बेरला

जिले में गर्मी बढ़ने के साथ ही ग्रामीण अंचल सहित शहरों तक में भूजल स्तर में लगातार गिरावट आ रही है। इसके कारण क्षेत्र के ट्यूबवेल व निस्तारी तालाब तथा बांध जवाब देने लगे हैं।

इससे पानी की समस्या गहरा गई है। आपको बता दें कि बेरला के निकटवर्तीय ग्राम सोंढ़ में टेकरों के माध्यम से गांव वालों के लिए पानी की पूर्ति की जा रही थी। वहीं, गांव व शहर के तालाब सूखने के कारण निस्तारी की समस्या पनप रहे थे। इसी समस्या को देखते हुए अंचलवासियों की मांग पर तांदुला जलाशय से नहरों के माध्यम से 200 क्यूसेक पानी छोड़ा गया। इससे बेरला ब्लॉक मुख्यालय सहित 80 गांवों में पानी पहुंचने से निस्तारी व पेयजल की समस्या दूर होंगे। वहीं, गांव व शहर की में वाटर लेबल की बढ़त होने से नलजल नलकूप, हैंड पम्प, मोटरपंप सहित निस्तारी की समस्या दूर होगी। बता दें कि बालोद-दुर्ग और बेमेतरा जिले के तहसील बेरला व उप तहसील भिंभौरी क्षेत्र में आने वाले गांव में तांदुला जलाशय से नहर में पानी छोड़ा गया। इस तांदुला जलाशय में लगभग 200 क्यूसेक पानी छोड़ा गया है। इससे ब्लॉक बेरला के 75-80 गांवों के तालाब में पानी भर जाएगा। बांध से पानी छोड़ने पर नहर नाली के जरिये तालाबों में पानी जा रहा है। अब जल्द ही लोगों को निस्तारी की होने वाली समस्या से निजात मिलेगी।

- तालाबों के भरने से कुओं व नलकूप का भी बढ़ेगा जलस्तर

### निस्तारी की समस्या दूर होगी

तांदुला जल संसाधन विभाग बेरला रोहन शॉ ने बताया कि गर्मी के चलते पानी की समस्या बहुत बढ़ गयी थी, इससे अंचलवासियों को काफी समस्याओं से झूझना पड़ रहा था। साथ ही पेयजल व निस्तारी की समस्या दिनों दिन बढ़नी लगी थी। वहीं, जीवन दायिनी शिवनाथ नदी का पानी जमीनी स्तर पर सूख जाना गंभीर समस्या को जन्म दे रहा था। लोगों की समस्या को देखते हुए तांदुला जलाशय से पानी छोड़ा गया। इससे गांव के तालाब में पानी भरने से लेकर निस्तारी की समस्या दूर हो जाएगा।

### खाद्य मंत्री ने जिले के विकास कार्यों और कामकाज की समीक्षा के दौरान अधिकारियों को दिए निर्देश

# समाज के हर वर्ग के जरूरतमंदों को मिले शासन की योजनाओं का लाभ : दयालदास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

छत्तीसगढ़ के खाद्य मंत्री दयाल दास बघेल ने जिले के नवागढ़ जनपद पंचायत सभागार में विभागीय अधिकारियों के कामकाज की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने नवागढ़ विधानसभा क्षेत्र में चल रहे विभिन्न विकास कार्यो और कामकाज की समीक्षा की। उन्होंने फ्लैगशिप योजनाओं और जनकल्याणकारी योजनाओं से हितग्राहियों को लाभान्वित करने और विभागीय अधिकारी को जिम्मेदारी के साथ काम करने की बात कही। उन्होंने कहा कि समय-समय पर इनकी मानिटरिंग भी करें।

- पेयजल आपूर्ति के लिए कार्य योजना बनाने को कहा

मंत्री श्री बघेल ने कहा कि अधिकारी इस तरह कार्य करें कि शासन के प्रति जनता का विश्वास और सुदृढ़ हो। अधिकारी यह भी सुनिश्चित करें कि समाज के हर वर्ग के गरीब, मजदूर और जरूरतमंदों की सुनवाई हो और उन्हें शासन की योजनाओं का लाभ मिले। उन्होंने कहा कि राशन दुकानों पर समय पर राशन वितरण हो किसी को परेशानी ना हो । इस दौरान कलेक्टर ने विकासखंड नवागढ़ में विभिन्न विभागीय योजनाओं के तहत चल रहे विकास कार्यों और योजनाओं की प्रगति की संक्षिप्त जानकारी दी। उन्होंने वय वंदन योजना,स्वास्थ्य,लोक निर्माण,एवं सुकन्या सहित अन्य विभाग के अब तक कार्यों ब्योरा दिया। बैठक में अपर कलेक्टर अनिल वाजपेयी,जिला पंचायत सीईओ टेकचंद्र अग्रवाल, सहित विभिन्न विभागों के ज़िला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।



### प्रधानमंत्री सड़क की गुणवत्ता का परीक्षण कराएं

खाद्य मंत्री ने अधिकारियों से कहा कि कार्य को सरलीकरण करते हुए निबटाएं, ताकि जल्दी राज्य की सरकारी योजनाओं का क्रियान्वयन जमीनी स्तर पर दिखे। सभी योजनाओं का लाभ जिले के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचना उन्हें लाभान्वित करने का दायित्व आप सभी का है। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास की समीक्षा करते हुए कहा कि प्रधान मंत्री पात्र हितग्राही को भी मिले यह सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि कितने पीएम आवास कितने हितग्राहियों के स्वयं की भूमि पर और कितने सरकारी भूमि पर निर्मित हैं। जानकारी 15 के भीतर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। मंत्री ने कलेक्टर को प्रधानमंत्री सड़क की गुणवत्ता का परीक्षण कराने के निर्देश दिए। खाद्य मंत्री बघेल ने राजस्व की समीक्षा करते हुए कहा कि स्टे के बावजूद लोग निर्माण कार्य जारी रखे हैं, उन पर कार्रवाई करें। नामांतरण, बटांकन और भू-अर्जन के प्रकरणों का निराकरण किया जाए।

### सरपंचों की बैठक लेकर पेयजल की जानकारी लें, जहां समस्या हो, वहां दूर करें

खाद्य मंत्री दयाल दास बघेल ने विभागीय समीक्षा बैठक में कहा कि गर्मी को देखते हुए आम जानता के लिए पेयजल की कार्य योजना बनाकर पूर्ति करें। उन्होंने कलेक्टर को भी कहा कि सरपंचों की बैठक लेकर पेयजल आपूर्ति जहां पेयजल संकट है, उसे दूर करने के उपाय किए जाए । इसके साथ ही स्वीकृत मुक्तिधाम निर्माण पर भी जोर दिया। उन्होंने लोक निर्माण विभाग को मुख्यमंत्री द्वारा घोषणा अनुसार सड़क और स्वीकृत सडक़ को क्रमवार प्राथमिकता बताते हुए जल्द कार्यवाही कर बनाने के निर्देश दिए । मंत्री बघेल ने फसल चक्र परिवर्तन के लिए भी कृषि विभाग को निर्देश दिए है कि किसानों को इस दिशा में जागरूक कर कार्य योजना बनाई जाए। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य केंद्रों में पर्याप्त मात्रा में दवाईयां और स्टाफ हों, जहां कमी हो, बताएं, जिससे व्यवस्था बनायी जा सके।

# आयमूलक गतिविधियों के लिए ऋण और अनुदान सुलभ कराएं : शर्मा




हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

कलेक्टोरेट के दिशा सभाकक्ष में कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला स्तरीय पुनरीक्षण एवं परामर्शदात्री समिति की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में विभिन्न एजेंडों पर विस्तृत समीक्षा की गई, जिसमें बैंकों और शासकीय योजनाओं के कार्यान्वयन का मूल्यांकन किया गया। कलेक्टर श्री शर्मा ने विशेष रूप से इस बात पर जोर दिया कि शासन की विभिन्न हितग्राही मूलक योजनाओं का लाभ ज़रूरतमंद लोगों तक पहुंचे। साथ ही, उन्होंने किसानों की आय दोगुनी करने के लिए आगामी वित्तीय वर्ष में कृषि प्रधान बेमेतरा जिले में विभिन्न शासकीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों के प्रभावी क्रियान्वयन पर चर्चा की।

- जिला स्तरीय पुनरीक्षण एवं परामर्शदात्री समिति की बैठक में कलेक्टर ने दिए निर्देश

कलेक्टर रणबीर शर्मा ने प्राथमिकता क्षेत्र में कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन, और मत्स्यपालन जैसी आयमूलक गतिविधियों के लिए ऋण और अनुदान सुलभ कराने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि जिले की बड़ी आबादी खेती-किसानी और उससे संबंधित गतिविधियों पर निर्भर है, इसलिए इन योजनाओं के जरिए उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाने का प्रयास किया जाना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि स्वरोजगार योजनाओं का बेहतर और प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए, ताकि जरूरतमंद और गरीब वर्ग के लोग इन योजनाओं से लाभान्वित हो सकें।

बैठक के दौरान बैंकों की समीक्षा और ऋण अनुपात पर विस्तार से चर्चा की गई। इसमें प्रमुख रूप से प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, खादी ग्रामोद्योग योजनाएं, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, महात्मा गांधी नरेगा के तहत आधार लिंकिंग, और मुद्रा योजना की समीक्षा की गई। इसके साथ ही किसान क्रेडिट कार्ड योजना के अंतर्गत पशुपालन और मछली पालन के लिए ▶▶| शेष पेज 13 पर

# एपीसी भूपेन्द्र ने किया परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज:बेमेतरा

शिक्षा विभाग के उड़नदस्ता टीम के दल प्रमुख एपीसी भूपेन्द्र कुमार साहू शासकीय हायर सेकंडरी स्कूल जेवरी में चल रहे हायर सेकंडरी स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा का निरीक्षण किया।

यहाँ कक्षा बारहवीं में टेलीकम्युनिकेशन की परीक्षा में 26 में से 25 परीक्षार्थी उपस्थित रहे तथा एक विद्यार्थी अनुपस्थित रहे। हैल्थकेयर में कुल दर्ज 33 में से पूरे 33 उपस्थित कुल मिलाकर 59 में से 58 विद्यार्थियों ने परीक्षा दिया। ततपश्चात शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला जेवरी में केंद्रीयकृत परीक्षा कक्षा आठवीं अंग्रेजी भाषा की परीक्षा में कुल दर्ज 54 में से 52 परीक्षार्थी उपस्थित व 02 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे। शासकीय पूर्व माध्यमिक स्कूल बहिंगा विकास खंड बेरला में कुल दर्ज 27 में से 26 विद्यार्थी उपस्थित रहे तथा 02 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला तिलईकुड़ा विकास खंड बेमेतरा में कुल दर्ज 12 में से पूरे 12 बच्चे उपस्थित रहे। परीक्षा शांतिपूर्वक एवं सुव्यवस्थित ढंग से संचालित पाया गया। परीक्षा के दौरान कोई भी नकल प्रकरण नहीं मिला। दल में युवराज सिंह बनाफर, सुकन्या राजपूत, रेणुका अग्रवाल साथ में थे।

# अल्टीमेटम बेअसर, पंचायत सचिवों की अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

पंचायत सचिव संघ शासकीयकरण की मांग को लेकर ब्लाक मुख्यालयों में अनिश्चितकालीन प्रदर्शन पर पिछले एक सप्ताह से बैठे हुए हैं। हड़ताल समाप्त कर वापस लौटने के लिए शासन-प्रशासन द्वारा दिया गया 24 घंटे का अल्टीमेटम शनिवार को समाप्त हो गया, लेकिन

- शासकीयकरण की मांग को लेकर सप्ताहभर से हड़ताल पर बैठे हैं सचिव

संघ ने वापसी के बजाए आंदोलन को और उग्र कर दिया है। संघ के आव्हान पर जिले के पंचायत सचिव 17 मार्च से शासकीयकरण की मांग को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए हैं। ऐसी स्थिति में शासन के आदेश पर जिले में भी पंचायत सचिवों को नोटिस जारी कर 24 घंटे का अल्टीमेटम दिया गया था। उक्त अल्टीमेटम शनिवार की शाम को ही समाप्त हो गया था, परंतु पंचायत सचिव संघ ने अनिश्चितकालीन हड़ताल समाप्त नहीं किया है। 24 घंटे में वापसी के लिए जारी नोटिस में जिला पंचायत ने पंचायत सचिवों को नियमों से अवगत कराते हुए बताया है कि सेवा शर्तों के अनुसार कोई भी पंचायत सचिव अपनी सेवा व किसी अन्य पंचायत सेवक के सेवा संबंधि किसी मामले में न तो हड़ताल का सहारा लेगा न ही किसी प्रकार से उसे अभिप्रेरित करेगा। इस नोटिस में उक्त उप नियम का हवाला देते हुए अनुशासनात्मक कार्रवाई करने का अल्टीमेटम दिया गया है। इस नोटिस के बाद संघ ने उग्र आंदोलन करने का निर्णय लिया गया है। एक ओर जहां संघ उग्र आंदोलन करने की तैयारी में है तो वहीं दूसरी ओर शासन पंचायत सचिवों पर कार्रवाई की तैयारी में दिख रही है। पंचायत सचिवों ने आदेश की प्रतियां भी जलाई थी। अब पीएम मोदी के दौरे के दौरान भी आवाज बुलंद करने की तैयारी है।




### जनपदों में काम-काज ठप

17 मार्च के पूर्व पंचायत सचिव त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में व्यस्त रहे हैं, जिसके कारण जनपद पंचायतों में पूरा काम-काज ठप रहा है। चुनाव समाप्त होने के बाद अब अनिश्चितकालीन हड़ताल के कारण न तो रूके हुए कार्य हो रहे हैं न ही नया कोई कार्य जहां हो रहा है वही कई पंचायतों के नवनिर्वाचित सरपंच प्रभार लेने से वंचित हैं। कुल मिलाकर देखा जाए तो पंचायतों में कामकाज ठप हो गया है।

### इस वर्ष 11 बच्चों का हुआ चयन, स्कूल के 3 बच्चे चयनि

# पिपरिया के प्रधानपाठक डोगेंद्र के मार्गदर्शन अब तक 81 बच्चों का नवोदय में हुआ चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा के लिए प्रधान पाठक डोगेंद्र वर्मा जिले के एक छोटे से विद्यालय शासकीय प्राथमिक शाला पिपरिया विकासखण्ड साजा में प्रधान पाठक के पद पर कार्यरत हैं।

उनके कुशल मार्गदर्शन में जवाहर नवोदय विद्यालय के लिए अब तक 81 बच्चों का चयन हो चुका है। इसके मार्गदर्शन में इस वर्ष 2025 उनके निर्देशन में 11 बच्चों का चयन हुआ है। जिसमें सहयोगी शिक्षक के रूप में विशेषर नेताम प्रधान पाठक बीजागोड़ का विशेष सहयोग रहा। जिसमें शासकीय प्राथमिक शाला पिपरिया से तीन बच्चों का चयन हुआ। जिसमें जयश्री साहू, गोपाल साहू, आयुष साहू, कोरवाय से ओगेश्वरी यादव, युगल नेताम, केहका से कामेश सिन्हा, प्राथमिक शाला खैरी से दो बच्चों का चयन हुआ जिसमें आशीष कुमार जंघेल, मानवी जंघेल, कोगिंयाकला से तामेश्वरी निषाद, धनंजय साहू, निजामुद्दीन अंसारी का चयन हुआ है।



### प्रश्नों का निरंतर कराते हैं अभ्यास, लेते हैं साप्ताहिक मॉकटेस्ट



प्रधान पाठक डोगेंद्र वर्मा पढ़ाई के साथ-साथ मॉक टेस्ट लेकर साप्ताहिक अभ्यास भी कराते हैं वस्तुनिष्ठ प्रश्न और संख्यात्मक प्रश्नों का निरंतर अभ्यास करते रहते हैं। वे अपने गाँव में सुबह और शाम को मार्गदर्शन के लिए कक्षाएं लगाते हैं। जिसमें बच्चे बहुत दूर दूर से गाँव से आते है, और पूरी लगन के साथ सीखते हैं। चयनित सभी बच्चों को उन्होंने बहुत-बहुत बधाई दी। और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की हैं। संकुल के सभी शिक्षक ने बधाई दी। जिसमें संकुल प्राचार्य केहका कमलेश कुमार गायकवाड़, संकुल समन्वयक राजेश जायसवाल, शाला के शिक्षक उत्तम साहू, खुमान साहू, कुलेश्वर ठाकुर, गिरवर ध्रुव, पूर्व सरपंच युवराज साहू, संकुल समन्वयक सुवरतला मनीराम श्रीवास, दीपिका वर्मा, संकुल समन्वयक बोरतरा मुन्ना लाल साहू ने सभी बच्चों की उज्जवल भविष्य की कामना के साथ बधाई दी।

# खम्हरिया एम में साहू समाज ने मनाई भक्त माता कर्मा जयंती



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेरला

ब्लॉक बेरला अंचल क्षेत्र के ग्राम खम्हरिया एम में भक्त माता कर्मा जयंती का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में परिक्षेत्रीय साहू संघ मोहभट्ठा के सहसचिव लीलाराम साहू, ग्राम पंचायत खम्हरिया एम सरपंच सकुन स्वरूपानंद साहू, गुलाब साहू उपसरपंच साहू, समाज के अध्यक्ष बिसंभर साहू, उपाध्यक्ष कमलेश साहू, सचिव हीरऊ साहू, गणराज साहू, पिंटू साहू, छबिलाल साहू, पुन्नीलाल, तुलाराम साहू, अशोक साहू, इंदल साहू, गौरी बाई साहू, धन सिंग साहू एवं साहू समाज के सभी स्वजाती उपस्थित रहे।

